उत्तम साहा के बयानों से मेरी छवि को गंभीर नुकसान पहुंचा है। ये आरोप बिना किसी सबूत के लगाए गए हैं। साहा के बयानों को झूठा, दुर्भावनापूर्ण, अपमानजनक और मान हानिकारक बताया है। – सौरव गांगुली

पूर्व भारतीय बल्लेबाज, मान हानि के केस को लेकर बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी — जॉश इंग्लिस

अप्रैल में शादी करने जा रहे लखनऊ सुपर जायंट्स के ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर जॉश इंग्लिस 26 मार्च से 31 मई तक खेले जाने वाले टूर्नामेंट इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के पूरे सत्र में उपलब्ध नहीं रहेंगे। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 की छोटी नीलामी में लखनऊ सुपर जायंट्स ने जॉश इंग्लिस को 8.6 करोड़ रूपये में खरीदा था। इंग्लिस ने बताया कि वह अप्रैल में शादी करने जा रहे हैं। इंग्लिस ने एबीसी स्पोर्ट से कहा, ''मैंने आईपीएल नीलामी देखी और मेरी बारी देर से आई। मैं इस साल पूरे सीजन उपलब्ध नहीं रह पाऊंगा। मैं अप्रैल की शुरुआत में शादी करने जा रहा हूं।

क्या आप जानते हैं ?... 31 जनवरी 2025 तक,भारत ने 1058 वनडे मैच खेले हैं, जिसमें 559 मैच जीते हैं और 445 हारे हैं; 10 मैच टाई रहे और 44 मैचों का कोई परिणाम नहीं निकला।

वेस्टइंडीज ने अंडर-19 विश्व कप 2026 के लिए टीम की घोषणा की

एंटीगुआ, 18 दिसंबर। वेस्टइंडीज ने सलामी बल्लेबाज जोशुआ डोर्न की अगुवाई में अगले वर्ष जिम्बाब्वे और नामीबिया में होने वाले आईसीसी अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। यह टूर्नामेंट 15 जनवरी से 6 फरवरी तक जिम्बाबवे और नामीबिया में खेला जायेगा। डोर्न ने पिछले वर्ष ही प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पर्दापण किया था। ऑलराउंडर जोनाथन वैन लांगे को टीम का उपकप्तान बनाया गया है। टीम में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी ज्वेल एंड्रयू भी शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार, 15 सदस्यीय टीम में कई ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने 2025 के क्षेत्रीय प्रतियोगिताओं और अंतरराष्ट्रीय तैयारी सीरीज के दौरान प्रभावित किया। इनमें इंग्लैंड और श्रीलंका के खिलाफ सीरीज शामिल हैं। यह दोनों सीरीज वेस्टइंडीज ने जीती थीं। वेस्टइंडीज अंडर-19 टीम इस प्रकार है:- जोशुआ डोर्न (कप्तान), ज्वेल एंड्रयू, शमर एप्पल, शाक्वान बेले, जैकरी कार्टर, तानेज फ्रांसिस, आरजाई गिटेंस, विटेल लॉज, मीका मैकेंजी, मैथ्यू मिलर, इसरा-एल मॉर्टन, जेकीम पोलार्ड, आदियान राचा, कुणाल तिलोकानी और जोनाथन वैन लांगे।

पाकिस्तान ने अंडर-19 विश्वकप 2026 के लिए टीम का किया ऐलान

कराची, 18 दिसंबर। पाकिस्तान ने अगले वर्ष 15 जनवरी से छह फरवरी तक जिम्बाब्वे और नामीबिया में होने वाले अंडर-19 विश्वकप और जिम्बाब्वे में होने वाली त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए उन्नीस साल के मध्यमक्रम के बल्लेबाज फरहान यूसुफ की अगुवाई में 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की है। पाकिस्तान अंडर-19 टीम इस प्रकार है:- फरहान यूसुफ (कप्तान), उस्मान खान (उप-कप्तान), अब्दुल सुभान, अहमद हुसैन, अली हसन बलूच, अली रजा, दानियाल अली खान, हमजा जहूर (विकेटकीपर), हुजैफा अहसान, मोमिन कमर, मोहम्मद सैयाम, मोहम्मद शयान (विकेटकीपर), निकब शफीक, समीर मिन्हास, उमर जैब।

स्पेनिश टेनिस स्टार अल्काराज ने कोच फेरेरो से नाता तोड़ा

मैड्रिड, 18 दिसंबर। दुनिया के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने अपने कोच जुआन कार्लोस फेरेरो के साथ चली आ रही सात साल की साझेदारी को समाप्त कर दिया है। नये साल की शुरुआत से सैमुअल लोपेज, अल्काराज के नये कोच होंगे। 22 साल के स्पेनिश खिलाड़ी ने फेरेरो के साथ तब काम करना शुरू किया था जब वह 15 साल के थे। फेरेरो के मार्गदर्शन में वह रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे और कुल छह ग्रैंड स्लैम खिताब और 22 टूर्नामेंट जीते। अल्काराज ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच पर जारी एक बयान में बताया, हम शीर्ष पर पहुंचने में कामयाब रहे हैं और मुझे लगता है कि अगर हमारे खेल के रास्ते अलग होने हैं, तो यह तब होना चाहिए जब हम सबसे ऊंचे मुकाम पर हों। वह मुकाम जिसके लिए हमने हमेशा प्रयास किया और हमेशा वहां पहुंचने की उम्मीद की। स्पेनिश स्पोर्ट्स अखबार डियारियो एएस की रिपोर्ट में बताया गया है कि पाब्लो कैरेनो बुस्टा को कोचिंग देने वाले सैमुअल लोपेज 2026 की शुरुआत में ऑस्ट्रेलियन ओपन की तैयारी के लिए अल्काराज के नए कोच होंगे।

अंडर-14 वर्ष की प्रतियोगिता हेतु जयपुर की रिया का चयन

जयपुर, 18 दिसंबर। 69 वी नेशनल स्कूल गेम्स 2025-2026 फुटबॉल अंडर-14 वर्ष की प्रतियोगिता का आयोजन दिनाक 18 से 22 तक रांची (झारखण्ड) में आयोजन किया जा रहा है जिसमे पी.म. केन्द्रीय विद्यालय कर्माक 1 बजाज नगर, जयपुर की छात्रा रिया का चयन हुआ हैं।

अनाहत में भारत का ओलंपिक भविष्य आकार लेता दिख रहा है : चिनप्पा

नई दिल्ली, 18 दिसंबर। दो दशक से भी अधिक समय से भारत की शीर्ष स्क्वैश खिलाड़ी जोशना चिनप्पा का मानना है कि अनाहत सिंह में भारत का ओलंपिक भविष्य आकार लेता दिख रहा है। ओलंपिक्स डॉट कॉम से बातचीत में चिनप्पा ने कहा, इतने सालों तक शीर्ष स्तर पर रहने के बाद, आप यह पहचानना सीख जाते हैं कि कौन वहां रहने लायक है। आप इसे जल्दी समझ जाते हैं। शांत स्वभाव, आत्मविश्वास, जिस तरह से वह (अनाहत सिंह) मैचों को नियंत्रित करती है। इस महीने की शुरुआत में चेन्नई में स्क्वैश विश्व कप में चिनप्पा और अनाहत ने एक युवा भारतीय टीम को ऐतिहासिक पहला स्वर्ण पदक दिलाया, जिसके बाद यह विश्वास और भी गहरा हो गया है। दो बार की एशियन चैंपियन और पूर्व वर्ल्ड नंबर 10 जोशना के लिए, इस नतीजे ने इस बात की पुष्टि कर दी कि वह कुछ समय से क्या देख रही थीं और उनका यह विश्वास कि भारत के पास एलएस 2028 ओलंपिक में पदक जीतने का शानदार मौका है। चिनप्पा ने कहा, उसमें भारत की शीर्ष स्क्वैश खिलाड़ी बनने की सारी खूबियां हैं। टीम (स्क्वैश विश्व कप में) अनुभवहीन थी लेकिन निडर थी। अनाहत सबसे अलग दिखी क्योंकि वह पहले से ही एक विनर की तरह सोचती है। चिनप्पा ने बताया कि 17 साल की अनाहत सिंह की मानसिक स्पष्टता ही उसे दूसरों से अलग करती है।

स्मॉग और प्रदूषण पर बीसीसीआई की बड़ी चिंता

उत्तर भारत में सर्दियों के मैचों पर हो सकता है पुनर्विचार

नई दिल्ली, 18 दिसंबर। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला जाने वाला चौथा टी20 मुकाबला बिना एक भी गेंद फेंके रद्द होने से भारतीय क्रिकेट बोर्ड के भीतर गंभीर मंथन शुरू हो गया है। बता दें कि लखनऊ के भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में बुधवार शाम होने वाला यह मैच आधिकारिक तौर पर अत्यधिक धुंध के कारण रद्द घोषित किया गया, लेकिन मौजूद जानकारी के अनुसार असली वजह घना स्मॉग और बेहद खराब दृश्यता रही।

गौरतलब है कि यह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट इतिहास में केवल दूसरी बार हुआ है जब किसी मुकाबले को धुंध के चलते पूरी तरह रद्द करना पड़ा है। मैच शाम सात बजे शुरू होना था, लेकिन हालात लगातार बिगड़ते चले गए। छह बार निरीक्षण के बाद करीब साढ़े नौ बजे अंपायरों ने मुकाबला रद्द करने का फैसला लिया है। इससे पहले खिलाड़ी वार्म-अप भी समय से पहले सीमित कर चुके थे और दर्शकों का एक बड़ा हिस्सा स्टेडियम छोड़ने लगा था। बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने इस घटनाक्रम को गंभीर मानते हुए साफ कहा है कि बोर्ड को सर्दियों में उत्तर भारत में मैचों की मेजबानी पर दोबारा विचार करना पड़ेगा। उन्होंने माना कि वायु प्रदूषण अब सामान्य असुविधा नहीं, बल्कि एक आपात स्थिति बन चुका है और इसे उसी तरह देखा जाना चाहिए है।

मौजूद आंकड़ों के अनुसार, मैच के दौरान लखनऊ का एयर क्वालिटी इंडेक्स 400 के पार पहुंच गया था, जो 'खतरनाक' श्रेणी में आता है। भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को वार्म-अप के दौरान सर्जिकल मास्क पहने देखा गया, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुईं और बोर्ड की योजना पर सवाल और गहरे हो गए हैं।

राजीव शुक्ला स्वयं भी निरीक्षण के दौरान मैदान पर उतरे थे और अधिकारियों से चर्चा के बाद उनका हावभाव हालात की गंभीरता को साफ दर्शा रहा था। चूंकि इस मुकाबले के लिए कोई रिजर्व डे नहीं रखा गया था, इसलिए अब दोनों टीमें सीरीज के निर्णायक मुकाबले के लिए अहमदाबाद रवाना होंगी, जहां भारत 2-1 से आगे है।

आलोचना का बड़ा कारण इस पूरे दौरे का वेन्यू चयन भी बन रहा है। दक्षिण अफ्रीका का यह दौरा नवंबर-दिसंबर में न्यू चंडीगढ़, धर्मशाला और लखनऊ जैसे शहरों में खेला गया, जहां इस समय ठंड, धुंध और प्रदूषण आम समस्या रहते हैं। गौरतलब है कि पिछले हफ्ते धर्मशाला में खेले गए टी-20 में तापमान 10 डिग्री से नीचे चला गया था और स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने भी हालात को काफी चुनौतीपूर्ण बताया था। अब इस घटना के बाद यह लगभग तय माना जा रहा है कि बीसीसीआई भविष्य में खिलाड़ियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उत्तर भारत में सर्दियों के अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों पर सख्त और दूरगामी फैसले लेने की दिशा में बढ़ सकता है।

शुभमन गिल को पैर के अंगूठे में चोट लगी, आखिरी दो टी-20 अंतर्राष्ट्रीय से बाहर रहने की संभावना

नई दिल्ली, 18 दिसंबर। खराब फॉर्म से जूझ रहे भारत के उप कप्तान शुभमन गिल पैर के अंगूठे में चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आखिरी दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों से बाहर हो गए हैं। टीम के करीबी सूत्रों ने पीटीआई को यह जानकारी दी। पता चला है कि गिल को ट्रेनिंग सत्र के दौरान चोट लगी और उनके जल्दी ठीक होने के लिए सभी एहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड के एक सूत्र ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर पीटीआई को बताया, "शुभमन ने चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले से एक दिन पहले नेट में लंबे बल्लेबाजी सत्र में हिस्सा लिया था।सत्र के आखिर में उनके पैर के अंगूठे पर चोट लग गई। उन्हें दर्द हो रहा था और वह लंगड़ा रहे थे। बुधवार को उनके लिए खेलना मुश्किल होता इसलिए वह टीम के साथ नहीं आए क्योंकि उनके इस मैच में खेलने की बहुत कम संभावना थी।"

उन्होंने कहा, "इस समय यह कहना मुश्किल है कि वह अहमदाबाद में खेलेंगे या नहीं।" न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला टी20 विश्व कप से पहले भारत की आखिरी श्रृंखला है और उस द्विपक्षीय सीरीज और विश्व कप के लिए टीम समान रहने वाली है इसलिए राष्ट्रीय चयन समिति और टीम प्रबंधन अपने शीर्ष क्रम के एक विशेषज्ञ बल्लेबाज को लेकर सभी जरूरी सावधानियां बरतना चाहेंगे। गिल कोलकाता में पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन लगी गर्दन की चोट के कारण दक्षिण के खिलाफ टेस्ट और एकदिवसीय श्रृंखला से भी बाहर हो गए थे जिसके लिए उन्हें दो दिन अस्पताल में भर्ती रहना पड़ा था।

राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन को चुनाव कराना अनिवार्य

आईपीएल मैच जयपुर में तभी आयोजित किए जा सकते है जब आरसीए अपनी व्यवस्था में सुधार करें : धूमल

नई दिल्ली, 18 दिसंबर। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन को अल्टीमेटम जारी करते हुए कहा है कि आईपीएल मैच जयपुर में तभी आयोजित किए जा सकते हैं जब आरसीए अपनी व्यवस्था में सुधार करे। विशेष रूप से, बीसीसीआई ने स्पष्ट किया है कि आईपीएल मैचों की मेजबानी के लिए पात्र होने के लिए एसोसिएशन को चुनाव कराना अनिवार्य है।

आईपीएल के चेयरमैन अरुण सिंह धूमल ने हाल ही में अबू धाबी में हुई नीलामी के दौरान चुनिंदा मीडिया से बातचीत करते हुए कहा, "हमने पिछली बार राज्य निकाय को लिखा था कि जब तक वे आरसीए चुनाव नहीं कराते और एक निर्वाचित निकाय का गठन नहीं करते, तब तक हमारे लिए आईपीएल को आयोजन स्थल पर ले जाना मुश्किल होगा।" "अभी तक उन्होंने चुनाव नहीं कराए हैं, और इस तरह, फ्रेंचाइजी को यह देखना होगा कि क्या वे इसे अपने खेलों की मेजबानी के लिए पर्याप्त रूप से उपयुक्त पाते हैं या नहीं।"

एक बार जब हम वह उचित जांच-पड़ताल कर लेंगे और यदि आरसीए अपने चुनाव सुचारू रूप से और निष्पक्ष तरीके से आयोजित करने में सक्षम होता है, तो हम उसे विजेता मानेंगे।

राजस्थान रॉयल्स एसोसिएशन (आरसीए) का संचालन राज्य सरकार द्वारा नियुक्त एक तदर्थ समिति द्वारा किया जाता है, और दीन दयाल कुमावत की अध्यक्षता वाली यह समिति एसोसिएशन का संचालन कर रही है। जयपुर पिछले 18 वर्षों से राजस्थान रॉयल्स का घरेलू मैदान रहा है, और आरआर प्रबंधन ने पुणे में मैच आयोजित करने के विकल्प पर विचार किया है और इस संबंध में शहर का दौरा भी किया है।

आरसीए ने कहा कि उसे बीसीसीआई की ओर से कोई सूचना नहीं मिली है, लेकिन वह आरआर प्रबंधन के संपर्क में है। कुमावत ने गुरुवार को क्रिकबज़ से कहा, "हमारी ओर से, हम एसएमएस स्टेडियम (जयपुर) में आईपीएल मैच आयोजित करने के लिए तैयार हैं। हमने आरआर प्रबंधन के साथ बातचीत की है। अगर बीसीसीआई को आरसीए से कोई आपत्ति है, तो हम राज्य सरकार से इस बारे में बात करेंगे और उनका समाधान निकालेंगे।" बीसीसीआई के रुख के बारे में विस्तार से बताने के लिए पूछे जाने पर धूमल ने आगे कहा, "हमने उन्हें पिछले साल ही बता दिया था कि अगर वे ये चुनाव नहीं करा पाते हैं, तो हमारे लिए वहां टूर्नामेंट आयोजित करना मुश्किल होगा।

फिलहाल ऐसा नहीं हुआ है। इसलिए, जब तक वे चुनाव नहीं करा लेते और एक नई निर्वाचित समिति नहीं आ जाती, और आईपीएल मैचों के लिए पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो जातीं, तब तक हम स्थिति पर नजर रखेंगे और उचित समय पर सही कदम उठाएंगे।" इस बीच, धूमल ने कहा कि बीसीसीआई को बेंगलुरु में आईपीएल मैचों की मेजबानी को लेकर पूरा भरोसा है।

बेंगलुरु भी आईपीएल का एक ऐसा केंद्र है जिस पर 4 जून को चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ के बाद से सवाल उठ रहे थे। धूमल ने कहा, "मैंने केएससीए के अधिकारियों से बात की है। वे राज्य सरकार के संपर्क में हैं। उनकी एक सार्थक बैठक हुई है, और हमें पूरा विश्वास है कि हमें बेंगलुरु ही आयोजन स्थल के रूप में मिलेगा।"

सात्विक-चिराग ने बीडब्ल्यू वर्ल्ड टूर फाइनल्स में दूसरी जीत दर्ज की

हांगझोऊ (चीन), 18 दिसंबर। भारत की टॉप पुरुष युगल बैडमिंटन जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने गुरुवार को बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स 2025 ग्रुप बी में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। आज यहां खेले गये मुकाबले में बैडमिंटन रैंकिंग में तीसरे नंबर पर मौजूद सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने दुनिया की नंबर 8 इंडोनेशियाई जोड़ी फजर अल्फियान-मुहम्मद शोहिबुल फिक्री को 60 मिनट में 21-11,16-21,21-11 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाने की अपनी दावेदारी मजबूत की।

लगातार दो जीत के बावजूद, सात्विक और चिराग अभी तक नॉकआउट स्टेज के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाए हैं, क्योंकि ग्रुप बी की चार में से तीन जोड़ियां अभी भी दौड़ में हैं। हालांकि, इंडोनेशियाई जोड़ी दो हार के बाद बाहर हो गई है।

हर ग्रुप (ए-बी) की शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी और फजर अल्फियान-मुहम्मद शोहिबुल फिक्री के बीच पहला गेम एकतरफा रहा, जिसमें भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने शानदार शुरुआत करते हुए 6-0 की बढ़त बना ली। फजर अल्फियान और मुहम्मद शोहिबुल फिक्री ने कुछ देर के लिए वापसी की कोशिश की, और अंतर को 13-9 तक कम कर दिया, लेकिन शुरुआती बढ़त निर्णायक साबित हुई। 15-10 से, भारतीयों ने लगातार पांच पॉइंट हासिल करके 20-10 की बढ़त बनाई और आसानी से गेम जीत लिया।

दूसरे गेम में इंडोनेशियाई खिलाड़ियों ने जोरदार वापसी की। शुरुआत में 3-3 से बराबरी पर रहने के बाद, उन्होंने लगातार पांच पॉइंट हासिल करके 8-3 की बढ़त बना ली। भारतीय जोड़ी ने वापसी करते हुए स्कोर 11-11 और फिर 12-12 से बराबर कर लिया, लेकिन इंडोनेशियाई जोड़ी टिकी रही।

भव्य की घातक गेंदबाजी से जयपुरिया विद्यालय की एकतरफा जीत

जयपुर, 18 दिसम्बर। यूनियन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 27 वीं नवीन-नफीस स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में आज खेले गये एन.बी. क्रिकेट ग्राउण्ड जगतपुरा, पर खेले गये पूल जी के मैच में नैना जयपुरिया विद्यालय के भव्य शर्मा 20 रन पर 4 विकेट, हेमन्य भारद्वाज 4 रन पर 2 विकेट, अभिषेक राठौड़ 21 रन पर 2 विकेट की शानदार गेंदबाजी की बदौलत एलिट स्पोर्टस एकेडमी को 9 विकेट से हराकर 2 अंक अर्जित किये। टॉस जीतकर नैना एलिट स्पोर्टस एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया लेकिन शुभम शर्मा 24 रन, लवेश सैनी 15 रन को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज जयपुरिया विद्यालय के गेंदबाजों भव्य शर्मा 20 रन पर 4 विकेट, हेमन्य भारद्वाज 4 रन पर 2 विकेट, अभिषेक राठौड 21 रन पर 2 विकेट, कबीर 4 रन पर 1 विकेट की शानदार गेंदबाजी के समक्ष नहीं टिक सके और पूरी टीम 16.1 ओवर में मात्र 84 रन पर सिमट गयी। जवाबी पारी में आरूष मक्कड़ 39 रन नाबाद, दर्शिल घीया 27 रन, कनिष्क 13 रन नाबाद की मदद से विजय लक्ष्य 87 रन 1 विकेट खोकर 11.3 ओवर में हासिल कर 9 विकेट से एक तरफा जीत दर्ज कर ली। इस मैच का मैन ऑफ दी मैच भव्य शर्मा जयपुरिया विद्यालय रहें।

रोहन के ऑलराउंड खेल से जीती शास्त्री क्रिकेट अकादमी

जयपुर, 18 दिसम्बर। जयपुर कप सीजन- 1 में सोलफिल क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 29.3 ओवर में 162 रन 10 विकेट के नुकसान पर बनाएं। राहुल खंडेलवाल ने 46 और मनन सिंह शेखावत ने 32 रन का योगदान दिया। शास्त्री क्रिकेट अकादमी की ओर से रोहन राजभर और हिमांशु नेहरा ने तीन-तीन विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी शास्त्री क्रिकेट अकादमी 25.1 ओवर में 163 रन 6 विकेट के नुकसान पर बनाकर जीत हासिल कर ली। रोहन राजभर ने 60 और जसन ने 37 रनों का योगदान दिया। सोलफिल क्रिकेट अकादमी की ओर से गणेश चौधरी ने तीन विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच रोहन राजभर को चुना गया।

टॉ लेथम और डेवन कॉन्वे के शतक, न्यूजीलैंड 334/1

माउंट मॉन्गानुई (न्यूजीलैंड), 18 दिसंबर। कप्तान टॉम लेथम (137) और डेवन कॉन्वे (नाबाद 178) की शतकीय पारियों के दम पर न्यूजीलैंड ने तीसरे टेस्ट मैच के पहले दिन गुरुवार को स्टंप्स के समय एक विकेट पर 334 का स्कोर खड़ाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली हैं।

आज यहां न्यूजीलैंड ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी टॉम लेथम और डेवन कॉन्वे की सलामी जोड़ी ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए पहले विकेट के लिए 323 रन जोड़े। दोनों बल्लेबाजों ने सावधानी से शुरुआत की और पहले आठ ओवर में सिर्फ 11 रन बनाए। हवा और पिच दोनों से बल्लेबाजों को मदद मिल रही थी।

लंच ब्रेक के बाद दोनों ने अपने-अपने अर्धशतक पूरे किये। लगभग 20 मिनट तक बारिश की वजह से खेल रुका रहा, लेकिन इससे न्यूजीलैंड की लय नहीं टूटी। कॉनवे ने कुछ शानदार बाउंड्री लगाकर अपना छठा टेस्ट शतक बनाया। वेस्टइंडीज पहले दो सत्र में एक भी मौका नहीं बना पाई और लंच के बाद वाले सेशन में एक भी मेडन ओवर नहीं हुआ।

इसी दौरान लैथम ने सीरीज का अपना दूसरा शतक बनाया। एक समय ऐसा लग रहा था कि यह बिना विकेट वाला दिन रहेगा। रोच ने दूसरी नई गेंद से 87वें ओवर में लैथम को आउट करके सफलता दिलाई, जिसमें रॉस्टन चेज ने फर्स्ट स्लिप पर शानदार कैच पकड़ा। टॉम लेथम ने 246 गेंदों में एक छक्का और 15 चौके लगाते हुए 137 रनों की शतकीय पारी खेली।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आये जेकब डफी ने डेवन कॉन्वे के साथ मोर्चा संभाला और दिन का दूसरा विकेट नहीं गिरने दिया। दिन का खेल समाप्त होने के समय न्यूजीलैंड ने एक विकेट पर 334 रन बना लिये थे और डेवन कॉन्वे (नाबाद 178) और जेकब डफी (नौ) रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे।

अचीवर्स ने जयपुर को हराया

जयपुर, 18 दिसम्बर। पीपीसी पोलो ग्राउंड पर जयपुर पोलो टीम और ऑप्टिमस अचीवर्स के बीच मैच खेला गया जिसमें ऑप्टिमस अचीवर्स ने जयपुर को 4 के मुकाबले 8 गोल से हराया। ऑप्टिमस अचीवर्स पोलो टीम की ओर से शमशीर अली ओर मैन्युअल पराडो ने 4- 4 गोल किए। जयपुर पोलो टीम की ओर से केवल लांस वाटसन ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए 4 गोल किये पर टीम को विजय प्राप्त नहीं करा सके।

कूच बिहार ट्रॉफी : राजस्थान-जम्मू कश्मीर मैच, नावेद की अर्द्धशतकीय पारी से राजस्थान मजबूत

जयपुर, 18 दिसंबर। राजस्थान पहली पारी 207 आल आउट, जम्मू पहली पारी 65 आल आउट, राजस्थान दूसरी 335 आल आउट, नावेद खान के अर्धशतक की सहायता जम्मू एंड कश्मीर टीम के विरुद्ध राजस्थान मजबूत स्तिथि। टीम के लिए आदित्य सैनी 86, रजत बघेल 73,नावेद खान 87 रन। जम्मू एंड कश्मीर दूसरी पारी 256 / 5, आज तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक जम्मू एंड कश्मीर टीम ने कामक्ष शर्मा के शतक के सहायता से 5 विकेट के नुकसान पर 256 रन बना लिए थे। टीम के लिए कामाक्ष शर्मा 122 , अरमान शर्मा 31, अर्जुन शर्मा 21, फैज़ान नाबाद 33 व शिवा नाबाद 18 रन बनाकर खेल रहे हैं। राजस्थान के गेंदबाज प्रखर शर्मा 54 / 2 व हनी प्रताप , केतन , जतिन प्रत्येक 1 - 1 विकेट। मध्य क्षेत्र अंडर 14 क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान टीम के संभावितों के चयन हेतु आरसीए के तत्वाधान में खेली जा रही राज्य स्तरीय अंडर 14 एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के आज खेले गए मैचों का परिणाम :- झुंझनू - जयपुर मैच (जयपुर जीती), झुंझनू पारी124 आल आउट। टीम के लिए सनी 34 रन। जयपुर के गेंदबाज गौरव, मनवीर , प्रियांशु शर्मा 3 - 3 विकेट। दौसा - उदयपुर मैच (उदयपुर जीती), दौसा पारी 89 आल आउट। टीम के लिए प्रतुल शर्मा 30 रन। उदयपुर के गेंदबाज धीमान कलाल 4 / 5 , रुद्राक्ष मेनारिया 23 / 4 विकेट। उदयपुर पारी 91 / 4, टीम के लिए महेश 26 रन। दौसा के गेंदबाज कयांश 19 / 2 विकेट।

विश्वनाथन आनंद बने द हॉस्टल कंपनी के ब्रांड एंबेसडर

बेंगलुरु, 18 दिसंबर। भारत के पहले शतरंज ग्रैंडमास्टर और पूर्व विश्व के नंबर वन खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद को देश के सबसे बड़े बैकपैकर हॉस्टल बुकिंग प्लेटफॉर्म, द हॉस्टल कंपनी ने अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। इस अवसर पर द हॉस्टल कंपनी के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी पलाश गोयल ने कहा, "विशी सर शायद हमारे मुख्य कस्टमर न हों।

अंडर-19 कूच बिहार ट्रॉफी, जम्मू के विरुद्ध राजस्थान मजबूत स्थिति में

जयपुर, 18 दिसंबर। आरसीए अंडर 14 ट्रॉफी (आज खेल गए मैचों में आदित्य शर्मा का शानदार दोहरा शतक, आयुष रविंद्र की शतकीय पारी, धीमान, अथर्व, अनमोल, दुष्यंत, अभिमन्यु, मयंक के पांच विकेट) बीसीसीआई अंडर 16 विजय मर्चेंट टॉफी के आज से शुरू हुए राजस्थान पंजाब मैच के पहले दिन राजस्थान के गेंदबाज रोहन चौधरी की शानदार गेंदबाजी की सहायता से राजस्थान ने पंजाब को पहली पारी में सस्ते में सीमेटा।

पंजाब पहली पारी, 156 आल आउट

टीम के लिए साहिबजोतवीर47, पारस23, अभिषेक 23 रन

राजस्थान के गेंदबाज रोहन चौधरी 32 / 6 व आशीष 12 / 2 विकेट

राजस्थान पहली पारी, 99 / 5

पहले दिन का खेल समाप्त होने तक राजस्थान ने अपनी पहली पारी में 5 विकेट के नुकसान पर 99 रन बना लिए थे। टीम के लिए शिफॉन खान 35, कुमार वासुदेव नाबाद 24, सौरव सैनी 18 व वसिष्ठशर्मा 16 रन।

हरियाणा को हराकर झारखंड ने जीता सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का खिताब

पुणे, 18 दिसंबर। इशान किशन (101) की विस्फोटक शतकीय और कुमार कुशाठा (81) की अर्धशतकीय पारियों के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत झारखंड ने गुरुवार को फाइनल मुकाबले में हरियाणा को 69 रनों से हराकर सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया। इशान किशन को 'प्लेयर ऑफ द मैच' तथा अनुकूल रॉय को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज से पुरस्कार से नवाजा गया। 263 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी हरियाणा की शुरुआत खबरा रही और उसने 36 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गंवा दिये। इसके बाद यशवर्धन दलाल और निशांत सिंधू ने पारी को संभाला और चौथे विकेट के लिए 67 रन जोड़ कर अपनी टीम में जीत की उम्मीद जगाई। 10वें ओवर में अनुकूल रॉय ने निशांत सिंधु 15 गेंदों में (31) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। इसी ओवर में उन्होंने यशवर्धन दलाल 22 गेंदों में (53) को भी अपना शिकार बनाकर हरियाणा के मैच जीतने की उम्मीदों को तगड़ा झटका दिया। सामंत जाखड ने 17 गेंदों में 38 रन बनाये। अंशुल काम्बोज (11) और इशांत भारद्वाज (17) रन बना कर आउट हुये। झारखंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे हरियाणा की पूरी टीम 18.3 ओवरों में 193 रनों के स्कोर पर सिमट गई। झारखंड के लिए सुशांत मिश्रा और बाल कृष्ण ने तीन-तीन विकेट लिये। अनुकूल राय और विकास सिंह को दो-दो विकेट मिले। इससे पहले आज यहां हरियाणा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी झारखंड की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए तीन विकेट पर 262 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। झारखंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में विराट सिंह (दो) का विकेट गंवा दिया।